LiFE Lifestyle For Environment

# वानिकी समाचार

वर्ष. 15 सं. 12 दिसम्बर 2023

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद

**वर्ष 1991 बैच के भारतीय वन सेवा के अधिकारी श्रीमती कंचन देवी ने महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. का पदभार ग्रहण किया। वह यह प्रतिष्ठित पद संभालने वाली पहली महिला भा.व.से. अधिकारी हैं।**





## दीक्षान्त समारोह

- भा.वा.अ.शि.प.– का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा 1 दिसंबर 2023 को वुड एंड पैनल प्रोडक्ट्स एंड टेक्नोलॉजी में पीजीडीसी पाठ्यक्रम के 33वें बैच के 40 छात्रों के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया।



## अनुक्रमणिका


| | पृ.सं. |
|---|---|
| दीक्षान्त समारोह | 01 |
| मिशन लाइफ (Life) के अंतर्गत की गई गतिविधियाँ | 02 |
| महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष | 03 |
| परामर्शी कार्य | 03 |
| प्रदर्शनी में भागीदारी | 03 |
| कार्यशालाएँ/सेमिनार/बैठकें | 04 |
| प्रशिक्षण कार्यक्रम | 06 |
| समझौता ज्ञापन | 08 |
| प्रकृति कार्यक्रम | 09 |
| जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम | 10 |
| संस्थानों का दौरा | 12 |
| राजभाषा गतिविधियाँ | 12 |
| विविध | 13 |
| मानव संसाधन समाचार | 14 |

# मिशन लाइफ (LiFE) के अंतर्गत की गई गतिविधियाँ

## भा.वा.अ.शि.प.– वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून द्वारा 13 दिसंबर 2023 को एमजीवीएस कॉलेज, मसूरी और एडिफाई वर्ल्ड स्कूल, देहरादून के छात्रों के लिए स्वच्छता अभियान और मिशन लाइफ पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।






भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं. में मिशन लाइफ पर जागरूकता कार्यक्रम

## भा.वा.अ.शि.प.– हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

- भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा 07.12.2023 और 12.12.2023 को उत्कृष्टता केंद्र, संजौली और जेपी विश्वविद्यालय, वाकनाघाट के छात्रों को मिशन लाइफ के बारे में एक संक्षिप्त परिचय दिया गया।






भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं. द्वारा मिशन लाइफ के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियाँ

## भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

- भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर ने दिनांक 08.12.2023 को छात्रों को विभिन्न मिशन लाइफ गतिविधियों के बारे में अवगत कराया और उनके द्वारा प्रतिज्ञा ली गई।




भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं. द्वारा मिशन लाइफ पर आयोजित विभिन्न गतिविधियाँ

## भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु

- भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु ने दिनांक 2 दिसंबर 2023 को मिशन लाइफ पर एक संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया और ह्यमाम्शु ज्योति कलापीठ कम्पोजिट हायर प्राइमरी स्कूल मल्लेश्वरम, बेंगलुरु के छात्रों द्वारा लाइफ प्रतिज्ञा ली गई।



भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं. में एचजेकेसीएचपी स्कूल द्वारा मिशन लाइफ प्रतिज्ञा ली गई

## महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष

### भा.वा.अ.शि.प.– वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- उत्तराखंड राज्य के नौदी (आर्द्र शिवालिक साल वन) और चोरगलिया (नंधौर वन्यजीव अभयारण्य) से एकत्र किए गए शलभों की पहचान की गई। प्रजातियों के 27 नए लार्वा पोषी पौधों को शामिल करने के बाद, डेटाबेस में प्रजातियों की कुल संख्या अब 385 है। शिवालिक क्षेत्र में शलभों की कुल 107 लार्वा पोषी पौधों की प्रजातियों की पहचान की गई।

- *ट्रिलियम गोवानियानम* प्रकंद के एथिल एसीटेट (ईएएफ) और ब्यूटेनॉल (बीएफ) घुलनशील अंशों के विश्लेषण से पादप रसायन में महत्वपूर्ण भिन्नता का संकेत मिलता है। एलसी–क्यूटीओएफ–एमएस द्वारा क्रमशः एथिल एसीटेट और ब्यूटेनॉल घुलनशील अंशों में कुल 17 और 19 पादप रसायन की पुष्टि की गई जबकि एचपीएलसी द्वारा कुल 07 लक्षित स्टेरायडल सैपोनिन अर्थात् *गोवैनोसाइड बी, प्रोटोडियोसिन, प्रेग्नाचाकोट्रायोसाइड, पेनोजेनिन टेट्राग्लाइकोसाइड, बोरासोसाइड ई, बोरासोसाइड डी* और *डायोसजेनिन* की मात्रा निर्धारित की गई। *प्रोटोडियोसिन* और *बोरासोसाइड ई* का संचयन परिपक्व प्रकंदों में सबसे अधिक था। *बोरासोसाइड डी* और *डायोसजेनिन* की उच्चतम सामग्री किशोर प्रकंदों में देखी गई जबकि *गोवानोसाइड बी, पेनोजेनिन टेट्राग्लाइकोसाइड* और *प्रेग्नाचाकोट्रायोसाइड* युवा प्रकंदों में प्रमुख घटक थे।

### भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

- देहिंग पटकाई राष्ट्रीय उद्यान से, मैक्रोफंगी की 159 प्रजातियों की गणना की गई, जो 81 वंशों, 43 कुलों, 14 गणों, 5 वर्गों और 2 फ़ाइला का प्रतिनिधित्व करती हैं। 122 वंशों और 58 कुलों का प्रतिनिधित्व करने वाली 183 लकड़ी के पौधों की प्रजातियों (163 वृक्षों और 20 जड़ी बूटियों) की गणना की गई, जो आवक्ष ऊंचाई व्यास ≥1 सेमी हैं।

### भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बटूर

- तमिलनाडु के पूर्वी और पश्चिमी घाटों से एकत्रित आबादी के लिए क्यूजीआईएस सॉफ्टवेयर का उपयोग करके *कैनेरियम स्ट्रिक्टम* पर वितरण मानचित्र तैयार किया गया।

- कलक्कड़ मुंडनथुराई टाइगर रिजर्व में *ग्लूटा ट्रैवनकोरिका*, एक निकट संकटस्थ (एनटी) बड़े सदाबहार वृक्ष की एक समृद्ध आबादी का प्रलेख पोषण किया गया।

### भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु

वृक्ष विशेषज्ञ समिति के विशेषज्ञ सदस्य के रूप में, भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं. के वैज्ञानिकों ने 03 परियोजनाओं "चन्नासांद्रा रेलवे स्टेशन यार्ड, बेंगलुरु के रीमॉडलिंग से संबंधित वृक्षों के स्थानांतरण के लिए स्थलों का आकलन"; "बीडब्लूएसएसबी द्वारा सैनिटरी पाइपलाइन की स्थापना के लिए परियोजना में वृक्षों का आकलन" और "वाणिज्यिक विकास के लिए परियोजना में वृक्षों का आकलन" का क्षेत्रीय निरीक्षण किया।

## परामर्शी कार्य

### भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून

- बीसीसीएल के क्लस्टर–IV कोयला खदान कोलफील्ड्स धनबाद की अंतिम तृतीय पक्ष पर्यावरण अनुपालन ऑडिट रिपोर्ट कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), कोलकाता को सौंपी गई।

- एससीसीएल, कोठागुडेम में सतत विकास गतिविधियों के अंतर्गत गौतमखानी ओसी परियोजना के खनन और आसपास के क्षेत्र का पारि–पुनर्स्थापन अध्ययन मेसर्स सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड, कोठागुडेम जिला, तेलंगाना को प्रस्तुत किया गया।

## प्रदर्शनी में भागीदारी

- भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट ने 2 दिसंबर 2023 को तिंगखोंग, डिब्रूगढ़, असम में असम दिवस समारोह में भाग लिया और डिस्प्ले स्टॉल लगाया।



भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट ने असम दिवस के उपलक्ष्य में एक स्टॉल लगाया

- भा.वा.अ.शि.प.– व.व.अ.सं., जोरहाट ने 4 दिसंबर 2023 को असम कृषि विश्वविद्यालय–गन्ना, औषधीय और सुगंधित पादप अनुसंधान केंद्र, बुरालिकसन, गोलाघाट, असम द्वारा आयोजित 'किसान मेले' में एक स्टॉल लगाया और संस्थान की विभिन्न अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों का प्रदर्शन किया।

- भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं. ने धूमा, सिवनी (मध्यप्रदेश) के साप्ताहिक बाजार में एक डिस्प्ले स्टॉल लगाकर भाग लिया। दिनांक 14 दिसम्बर 2023 को प्रतिभागियों को करोंदा फल से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई।



भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट ने किसान मेले में एक स्टॉल लगाया


भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर ने धूमा, सिवनी (मध्यप्रदेश) के साप्ताहिक बाजार में स्टॉल लगाया।

## कार्यशालाएँ/सेमिनार/बैठकें

### भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | भा.वा.अ.शि.प., देहरादून और भारतीय रबर अनुसंधान संस्थान, केरल के बीच भविष्य के सहयोग के लिए इंटरेक्शन बैठक | 07 दिसंबर 2023 | भा.वा.अ.शि.प. और आरआरआईआई के अधिकारी |
| 2 | भारत में भूमि क्षरण तटस्थता (एलडीएन) प्राप्त करने के लिए सतत प्रबंधन और अवक्रमित भू–परिदृश्यों का पुनः स्थापन नामक जीईएफ वित्त पोषित परियोजना के सहयोग और कार्यान्वयन पर यूएनडीपी और भा.वा.अ.शि.प.– सीओई–एसएलएम के साथ बैठक। | 15 दिसंबर 2023 | यूएनडीपी और भा.वा.अ.शि.प. के अधिकारी |



भा.वा.अ.शि.प., देहरादून और आरआरआईआई, केरल के बीच इंटरेक्शन बैठक



यूएनडीपी एवं भा.वा.अ.शि.प.–सीओई–एसएलएम देहरादून के साथ बैठक

## भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू


| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | संस्थान – उद्योग इंटरएक्टिव मीट | 14 दिसंबर 2023 | पेरम्बवूर, केरल में केरल के 291 विभिन्न उद्योगों से 350 प्रतिभागी |

## भा.वा.अ.शि.प.–वन उत्पादकता संस्थान, रांची

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | आण्विक चिह्नकों और वृक्ष प्रजनन में उनके उपयोग पर संगोष्ठी | 07 दिसंबर 2023 | भा.कृ.अनु.प.–भा.कृ.अ.सं., असम और भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची के वैज्ञानिक और अधिकारी |




भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु ने एक इंडस्ट्री इंटरएक्टिव मीट का आयोजन किया



भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची ने आण्विक चिह्नकों और वृक्ष प्रजनन में उनके उपयोग पर एक सेमिनार आयोजित किया

## भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं. में मासिक सेमिनार के एक भाग के रूप में, जीबीएनआईएचई, अल्मोड़ा के निदेशक ने हाइड्रोपोनिक्स प्रौद्योगिकी पर उनके द्वारा किये गए काम को प्रस्तुत किया। | 14 दिसंबर 2023 | भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं. के वैज्ञानिक, तकनीकी कर्मचारी और जीबीपीएनआईएचई, अल्मोड़ा के अधिकारी |

## भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | निजी वन: गोवा राज्य से अनुभव साझाकरण | 22 दिसंबर 2023 | 35 वैज्ञानिक, तकनीकी कर्मचारी, अनुसंधान कर्मचारी |



भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला ने निजी वनः गोवा राज्य से अनुभव साझाकरण विषय पर सेमिनार आयोजित किया

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | सतत विकास के लिए स्वास्थ्य, खुशी और दीर्घायु के संचार पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी सह कार्यशाला | 27 दिसंबर 2023 | सरकारी कॉलेज अन्नी, कुल्लू और भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला के कर्मचारी |

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

### भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुकूली और जलवायु तन्यक अंतःक्षेपों के माध्यम से सतत भूमि प्रबंधन | 18 दिसंबर 2023 | हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और उत्तराखंड के वन और कृषि विभाग के 20 अग्रिम पंक्ति के कर्मचारी। |

### भा.वा.अ.शि.प.– वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | पौधशाला विकास एवं वनाग्नि प्रबंधन | 13 से 15 दिसंबर 2023 | द हंस फाउंडेशन, देहरादून उत्तराखंड के क्षेत्र कर्मियों में से लगभग 52 प्रतिभागियों ने भाग लिया। |



भा.वा.अ.शि.प., मुख्यालय ने अनुकूली और जलवायु तन्यक अंतःक्षेपों के माध्यम से सतत भूमि प्रबंधन पर प्रशिक्षण का आयोजन किया



भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं. ने पौधशाला विकास और वनाग्नि प्रबंधन पर प्रशिक्षण का आयोजन किया

### भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | भंगुर मरुस्थलीय पारितंत्र के सतत विकास के लिए एकीकृत दृष्टिकोण। | 18 से 22 दिसंबर 2023 | 26 भा.व.से. अधिकारी |
| 4 | *ट्राइकोडर्मा* के वृहद् उत्पादन पर उद्यमिता पर एक व्याख्याान और प्रदर्शन प्रशिक्षण। | 07 दिसंबर 2023 | 23 महिला किसान |
| 5 | ग्रामीण क्षेत्र में गैर प्रकाष्ठ उत्पाद के मूल्य वर्धन के माध्यम से आजीविका में वृद्धि पर व्याख्यान। | 07 दिसंबर 2023 | 23 महिला किसान |




भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर ने भंगुर मरुस्थलीय पारितंत्र के सतत विकास पर प्रशिक्षण आयोजित किया




भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर ने ट्राइकोडर्मा के वृहद उत्पादन पर उद्यमिता पर प्रशिक्षण आयोजित किया

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बटूर** | | |
| 6 | सुदूर संवेदी और जीआईएस | 13 से 21 दिसंबर 2023 | निर्मला महिला कॉलेज, कामराज रोड, रेड फील्ड्स, कोयंबटूर, तमिलनाडु की 5 छात्राएं |
| 7 | वन आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन | 13 से 15 दिसंबर 2023 | 18 भा.व.से. अधिकारी |
| | **भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु** | | |
| 8 | चंदन की खेती और इसकी संभावनाएँ | 06 से 08 दिसंबर 2023 | 34, उद्यमी, अनुसंधान, शिक्षाविद, किसान, छात्र |
| 9 | काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 05 से 08 दिसंबर 2023 | तमिलनाडु वन अकादमी, कोयंबटूर के 11 अधिकारी। उन्होंने का.वि.प्रौ.सं. और इसके इपिर्टि परिसर का भी दौरा किया |




भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु ने चंदन की खेती और इसकी संभावनाओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया



भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु ने काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर 4 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट** | | |
| 10 | बांस प्ररोह प्रसंस्करण एवं मूल्य वर्धन | 14 से 16 दिसंबर 2023 | त्रिपुरा के विभिन्न जिलों से 25 प्रशिक्षु प्रतिभागी |
| | **भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** | | |
| 11 | बांस उपचार पादप | 18 से 22 दिसंबर 2023 | भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची के अधिकारी और अन्य हितधारक |
| | **भा.वा.अ.शि.प.–वन उत्पादकता संस्थान, रांची** | | |
| 12 | बांस पौधशाला प्रबंधन के विशेष संदर्भ में पौधशाला प्रबंधन | 14 दिसंबर 2023 | 120 वन रक्षक, राज्य, वन प्रशिक्षण संस्थान, महिलोंग |
| 13 | बांस उपचार पादप | 27 दिसंबर 2023 | भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची के अधिकारी और अन्य हितधारक |

## समझौता ज्ञापन

- कृषि उपज, औषधीय पौधों और अन्य गैर प्रकाष्ठ वनोत्पाद के लिए सौर ड्रायर के विकास पर भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून और न्यू एनके इंडस्ट्रीज, यमुनानगर के बीच 14 दिसंबर 2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।



भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं. और एनके इंडस्ट्रीज, यमुनानगर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

- विकसित पोपलर क्लोन IFP -BPA - 33 की आपूर्ति के लिए हितधारक की मांग के अनुसार भा.वा.अ.शि.प.–वन उत्पादकता संस्थान, रांची और बिहार सरकार, भागलपुर के बीच 18 दिसंबर 2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।



भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं. और बिहार सरकार, भागलपुर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

- प्लाइवुड उत्पादन के लिए बायोमटेरियल के रूप में लिग्निन का उपयोग करके आसंजक के विकास पर भा.वा.अ.शि.प. – काष्ठ विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु और केम प्रोसेस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, गुजरात के बीच 11 दिसंबर 2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।




भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं. और केम प्रोसेस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, गुजरात के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

- वानिकी के विभिन्न विषयों की प्रगति और कृषि वानिकी अनुसंधान, शिक्षा, प्रशिक्षण और विस्तार को प्रोत्साहित करने और तेज करने में सहयोग करने के लिए 5 दिसंबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद और स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज, मल्ला रेड्डी विश्वविद्यालय, हैदराबाद के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।




भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं. और एसओएएस, मल्ला रेडी यूनिवर्सिटी, हैदराबाद के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

## प्रकृति कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.– वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- जेएनवी, शंकरपुर के 5 शिक्षकों के साथ 114 छात्रों के एक समूह ने 19 दिसंबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून के विभिन्न संग्रहालयों का दौरा किया। उन्हें मिशन लाइफ के बारे में भी जानकारी दी गई।




114 छात्रों के समूह को मिशन लाइफ के बारे में जानकारी दी गई

### भा.वा.अ.शि.प.– वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बटूर

- भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं. द्वारा 1 दिसंबर से 26 दिसंबर 2023 तक आयोजित स्टूडेंट कनेक्ट प्रोग्राम में कथिरावन मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल, तिरुपुर, अमृता विद्यालय स्कूल, कोयंबटूर, ऑक्सफोर्ड मॉडर्न मैट्रिकुलेशन स्कूल, कोयंबटूर, गुड शेफर्ड ट्यूशन सेंटर और वेंकटेश्वर विद्या मंदिर, तिरुपुर के 532 छात्रों के एक समूह ने भाग लिया। छात्रों को जैव–प्रौद्योगिकी का परिचय, जलवायु परिवर्तन और कृषि वानिकी, वन और उसका महत्व, जैविक प्रणाली में बायोमोलेक्युलस जिन और डीएनए फिंगर प्रिंटिंग और आनुवंशिक परिवर्तन पर व्याख्यान दिए गए।

### भा.वा.अ.शि.प.– काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु

- रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के बागवानी और वानिकी कॉलेज, झाँसी, रेवा विश्वविद्यालय, बेंगलुरु, निट्टे स्कूल ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, बेंगलुरु और ह्यमांशु ज्योति कला पीठ कम्पोजिट हायर प्राइमरी स्कूल के 2 संकाय सदस्यों और 13 शिक्षकों के साथ 370 छात्रों के समूह ने दिनांक 7, 12, 13, 21 और 22 दिसंबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं. बेंगलुरु के व्याख्यान केंद्र का दौरा किया।




विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के 370 छात्रों के समूह ने भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया




विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के 370 छात्रों के समूह ने भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

### भा.वा.अ.शि.प.– वन उत्पादकता संस्थान, रांची

- जवाहर नवोदय विद्यालय, हज़ारीबाग़ के 111 छात्रों के समूह ने 12 दिसंबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा आयोजित विज्ञान ज्योति कार्यक्रम में भाग लिया। उन्हें पर्यावरण संरक्षण और बांस बागवानी के बारे में जानकारी दी गई।



विज्ञान ज्योति कार्यक्रम में जेएनवी, हज़ारीबाग़ के विद्यार्थियों ने भाग लिया

## भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

- उत्कृष्टता केंद्र, गवर्नमेंट कॉलेज संजौली, शिमला के 30 छात्रों ने 7 दिसंबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं. का दौरा किया और उन्हें संस्थान की अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों और शहरी वानिकी के महत्व के बारे में अवगत कराया गया।




सेंटर ऑफ एक्सीलेंस गवर्नमेंट कॉलेज संजौली के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया

- कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री नवसारी, कृषि विश्वविद्यालय गुजरात के लगभग 41 छात्रों ने 16 दिसंबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया। उन्हें हिमालयी पारितंत्र तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण में हिमालयी क्षेत्र की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

## भा.वा.अ.शि.प.–वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद

- केवी, बोवेनपल्ली, तेलंगाना और केवी, बेगमपेट, तेलंगाना के 115 छात्रों के समूह ने 20 और 22 दिसंबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा आयोजित मिशन लाइफ और सतत विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

## भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

- राजकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय मंगाली जबलपुर, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय कटनी और राजकीय उच्चतर विद्यालय घुंसूर, जबलपुर (मध्यप्रदेश) के 516 छात्रों और एनसीसी अधिकारियों के साथ 67 एनसीसी कैडेट को क्रमशः 4, 8, 13, 20 और 29 दिसंबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.– उ.व.अ.सं. प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया।



विभिन्न स्कूली छात्रों को भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर की प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया

### जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम

## भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

- हरियाणा वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, सोहना, गुरुग्राम, हरियाणा के संकाय सदस्यों के साथ 39 प्रशिक्षुओं के समूह ने 7 दिसंबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर का दौरा किया। उन्हें संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों, शीशम क्लोन के वीएमजी, थार शोभा, खेजड़ी और गुग्गल परीक्षणों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षुओं ने मॉडल पौधशाला का भी दौरा किया और उन्हें विभिन्न पौधशाला तकनीकों के बारे में बताया गया।




एचएफटीआई, सोहना, गुरुग्राम, हरियाणा से 39 प्रशिक्षुओं ने भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर का दौरा किया

- कृषि महाविद्यालय, जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, अमरेली (गुजरात) के बीएससी (ऑनर्स) कृषि के 60 छात्रों के समूह ने 9 दिसंबर 2023 को RAWEP-शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत 3 संकाय सदस्यों के साथ व्याख्यान केंद्र का दौरा किया। उन्हें अनुसंधान गतिविधियों, खेजड़ी परीक्षण और शीशम क्लोन के वीएमजी के बारे में जानकारी दी गई। आगंतुकों को शु.व.अ.सं. पर एक लघु वृत्तचित्र भी दिखाया गया।

## भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू

- दिनांक 11 दिसंबर 2023 को 03 उद्योग प्रतिनिधियों/उद्यमियों को लकड़ी की मैकेनिकल रिफाइनिंग का प्रदर्शन किया गया।

- कुंडल वन अकादमी, महाराष्ट्र के लगभग 43 रेंज वन अधिकारी प्रशिक्षुओं ने 9 दिसंबर 2023 को ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला, वुड एनाटॉमी लैब, काष्ठ संग्राहलय और एडब्ल्यूटीसी का दौरा किया।




केएफए, महाराष्ट्र से 43 रेंज वन अधिकारी प्रशिक्षुओं ने भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

- दिनांक 6 दिसंबर 2023 को टीसी लैब में 3 प्रशिक्षुओं के लिए 'ऊतक संवर्ध पौधों की जेनेटिक फिडेलिटी परीक्षण', 'पीटीसी में रिकॉर्डिंग ऑब्जरवेशन और डेटा विश्लेषण' पर व्याख्यान का आयोजन किया और 'फिडेलिटी परीक्षण के लिए डीएनए निष्कर्षण और पीसीआर' का प्रदर्शन किया।
- वनस्पति विज्ञान विभाग, कालीकट विश्वविद्यालय, केरल द्वारा पादप जैव विविधता, आनुवंशिकी, प्रजनन और जैव प्रौद्योगिकी पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में दक्षिणी भारत के उष्णकटिबंधीय शुष्क और आर्द्र वनों में तुलनात्मक फेनोलॉजिकल पैटर्न पर व्याख्यान दिया।

## भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

- राजबहार हाई स्कूल, जोरहाट, लक्ष्मी यूनियन हाई स्कूल, जोरहाट, भारतीय वन प्रबंधन संस्थान, भोपाल के शिक्षकों के साथ 74 छात्रों के समूह ने क्रमशः 1, 22 और 26 दिसंबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट के पौधशाला बांसवाटिका, बांस कम्पोजिट सेंटर का दौरा किया।

## भा.वा.अ.शि.प.–वन उत्पादकता संस्थान, रांची

- जवाहर नवोदय विद्यालय, हज़ारीबाग़ के 111 छात्रों के समूह ने 12 दिसंबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा आयोजित विज्ञान ज्योति कार्यक्रम में भाग लिया और उन्हें पर्यावरण संरक्षण और बांस बागवानी के बारे में जानकारी दी गई।



भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची ने विज्ञान ज्योति कार्यक्रम का आयोजन किया

- केवी, छपरा के 60 छात्रों और व.उ.सं., रांची के तकनीकी अधिकारियों ने दिनांक 04.12.2023 को वानिकी अनुसंधान और विस्तार केंद्र सह वन विज्ञान केंद्र, जडुआ, हाजीपुर, बिहार में भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा आयोजित पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। उन्हें प्रकृति संरक्षण और कचरा प्रबंधन से अवगत कराया गया।



भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची ने वीवीके, हाजीपुर (बिहार) में एक पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

## भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

- दिनांक 4 दिसंबर 2023 को उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बल्देयान द्वारा आयोजित और HIMCOSTE द्वारा प्रायोजित 'बाजरा और औषधीय पौधों पर क्षमता निर्माण कार्यशाला के दौरान हिमाचल प्रदेश के औषधीय पौधे और उनसे जुड़ी पारंपरिक और सांस्कृतिक पद्धतियों की भूमिका' पर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री श्री नेक राम शर्मा को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, उनके माता–पिता, एसएमसी सदस्यों और स्कूल के कर्मचारियों सहित 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- दिनांक 30 दिसंबर, 2023 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के जैव विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित 'जैविक विज्ञान में अनुसंधान के वर्तमान रुझानों पर राष्ट्रीय कार्यशाला सह सेमीनार' के दौरान 'पादप वर्गीकरण के मूलतत्व – नामपद्धति और वर्गीकरण का महत्व' पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर छात्रों (वनस्पति विज्ञान और प्राणीविज्ञान) और वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और अनुसंधान विद्वानों जैसे अन्य हितधारकों सहित 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- दिनांक 2 और 4 दिसंबर 2023 को सम्मेलन के दौरान "उत्तर पश्चिम हिमालय में नाशीकीटों के हमलों के उभरते खतरे: चुनौतियाँ और अवसर" पर एक व्याख्यान दिया गया।

- एमएससी माइक्रोबायोलॉजी के 24 छात्रो ने 05 दिसंबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला के वन विज्ञान केंद्र, जगतसुख, मनाली का दौरा किया। उन्हे स्टेशन पर चल रही विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों से अवगत किया।




एमएससी माइक्रोबायोलॉजी क छात्रो ने भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला के वीवीके–सह–एफआरएस, जगतसुख, मनाली का दौरा किया

## भा.वा.अ.शि.प.–वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद

- रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के 20 छात्रों के समूह ने 05 दिसंबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.– व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा आयोजित एक इंटरैक्टिव सत्र में भाग लिया।
- आंध्र विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश के 25 छात्रों ने संस्थागत दौरे के अंतर्गत भा.वा.अ.शि.प.–त.पा.कें, विशाखापत्तनम द्वारा 18 दिसंबर 2023 को समुद्री जीवविज्ञान और मत्स्य पालन पर आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में भाग लिया।

## संस्थानों का दौरा

- डॉ सुरभि राय भा.व.से., उप वन महानिरीक्षक (अनु. व प्र.), पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 1 दिसंबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं. का दौरा किया। मंत्रालय द्वारा प्रायोजित अनुसंधान गतिविधियों, क्षमता निर्माण कार्यक्रम और काष्ठ क्षेत्र पर का.वि.प्रौ.सं. के नीति समर्थन के संबंध में अधिकारियों और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की गई। का.वि.प्रौ.सं. के इपिर्टि परिसर और का.वि.प्रौ.सं. के उन्नत काष्ठ कर्म प्रशिक्षण केंद्र का भी दौरा किया।



डॉ. सुरभि राय, भा.व.से., उप वन महानिरीक्षक (अनु. व प्र.), पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इपिर्टि परिसर का.वि.प्रौ.सं. का दौरा किया

## राजभाषा गतिविधियाँ

हिंदी कार्यशाला का आयोजनः

- भा.वा.अ.शि.प.– उ.प.अ.सं., जबलपुर द्वारा 11 और 15 दिसंबर 2023 को।
- भा.वा.अ.शि.प.– व.अ.सं., रांची द्वारा 22 दिसंबर 2023 को।
- भा.वा.अ.शि.प.– हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा 14 दिसंबर 2023 को।










भा.वा.अ.शि.प. संस्थानों द्वारा हिंदी कार्यशाला का आयोजन

## विविध

- भा.वा.अ.शि.प. और उसके संस्थानों ने 11 दिसंबर 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस मनाया।











भा.वा.अ.शि.प. संस्थानों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पर्वतीय दिवस मनाया गया

- भा.वा.अ.शि.प. और उसके संस्थानों ने 5 दिसंबर 2023 को विश्व मृदा दिवस मनाया।










भा.वा.अ.शि.प. संस्थानों द्वारा विश्व मृदा दिवस मनाया गया

- भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., शु.व.अ.सं. ने 6 दिसंबर 2023 को डॉ. बी.आर. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करके महापरिनिर्वाण दिवस मनाया।






भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं.और शु.व.अ.सं. ने महापरिनिर्वाण दिवस मनाया।

- भा.वा.अ.शि.प. – व.उ.सं., रांची ने 19 दिसंबर 2023 को सुशासन सप्ताह का आयोजन किया।

## मानव संसाधन समाचार

### प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्रीमती कंचन देवी, भा.व.से., महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. | 01.12.2023 |

### नियमित नियुक्तियाँ

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री विष्णु प्रसाद साहू, वैज्ञानिक–बी, भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून | 22.12.2023 |
| कु मुना तमांग, वैज्ञानिक–बी, भा.वा.अ.शि.प.– व.व.अ.सं., जोरहाट | 26.12.2023 |
| श्री अतहर परवेज़, वैज्ञानिक–बी, भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर | 29.12.2023 |

### सेवानिवृत्ति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| डॉ. संगीता गुप्ता, वैज्ञानिक–जी, भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून | 31.12.2023 |
| डॉ. श्याम विश्वनाथ, वैज्ञानिक–जी, भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर | 31.12.2023 |
| श्री हरि राम बोरा, मुख्य तकनीकी अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट | 31.12.2023 |

**संरक्षक:**
श्रीमती कंचन देवी, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प, देहरादून
**संपादक मंडल:**
डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), अध्यक्ष
डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), मानद सम्पादक
डॉ. विश्वजीत शर्मा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, सदस्य
**हिन्दी संस्करण:**
श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा), सदस्य
**सहायक:**
श्री प्रिंस, तकनीकी सहायक (मीडिया एवं विस्तार)

**प्रत्याख्यान:**
●केवल निजी रूप से प्रसारण करने हेतु।
●वानिकी समाचार में प्रकाशित सामग्री, संपादक मंडल के विचारों को अनिवार्यतः प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।
●यहाँ प्रकाशित सूचना के लिए किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए भा.वा.अ.शि.प. उत्तरदायी नहीं होगा।